

एक नजर में

## कलश यात्रा के साथ भगवत कथा शुरू

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** श्रावण माह में जिले के ग्राम सिलोदा में बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ होगा। धार्मिक आयोजन को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है। सुबह निकाली जाने वाली कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर शामिल होंगी। यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होकर कथा स्थल पहुंचेगी। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों, भजन-कीर्तन और धार्मिक धुनों से पूरा वातावरण भक्तिमय रहेगा।आयोजन समिति के अनुसार श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 5 अगस्त से 11 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। कथा का वाचन पंडित रामचरण चन्द्रे करेंगे। कथा में श्रीकृष्ण जन्म, बाल लीलाएं, गोवर्धन पूजा, रासलीला, सुदामा चरित्र सहित भक्ति, ज्ञान और वैराग्य से जुड़े प्रसंगों का रसपान कराया जाएगा।इस धार्मिक आयोजन गुर्जर समाज महिला मंडल सिलोदा के सहयोग से किया जा रहा है। आयोजन समिति ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से कलश यात्रा और श्रीमद्भागवत कथा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।



## 15 दिन में 182 मामलों का निराकरण

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** खंडवा पुलिस ने अभियोजन अधिकारियों के समन्वय से पिछले 15 दिनों में जिले के विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन 182 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण कराया। पुलिस द्वारा समय पर साक्षियों की न्यायालय में उपस्थिति सुनिश्चित किए जाने से मामलों के त्वरित निपटारे में सफलता मिली। इस दौरान आठ महत्वपूर्ण मामलों में आरोपियों को तीन माह के कारावास से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा सुनाई गई तथा विभिन्न मामलों में छह सौ से दस हजार तक के अर्थदंड भी लगाए गए।प्रमुख मामलों में मोघट रोड थाना क्षेत्र के हत्या एवं हत्या के प्रयास के प्रकरण में आरोपी करण को आजीवन कारावास मिला। पंधाना और मान्धाता थाना क्षेत्रों में नाबालिग के अपहरण एवं दुष्कर्म के मामलों में आरोपियों को 20-20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। हरसूद थाना क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना के मामले में आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास मिला, जबकि खालवा थाना क्षेत्र में नकली नोट रखने और उपयोग करने के मामले में भी 10 वर्ष की सजा सुनाई गई। इसके अलावा मारपीट और जान से मारने की धमकी से जुड़े मामलों में भी आरोपियों को कारावास और अर्थदंड से दंडित किया गया। वहीं आबकारी, जुआ, सट्टा एक्ट सहित अन्य मामलों में भी बड़ी संख्या में प्रकरणों का निराकरण कर आरोपियों को न्यायालय उठने तक की सजा एवं अर्थदंड दिया गया।

## 15 अगस्त की तैयारियां तेज, 13 को फुल ड्रेस रिहर्सल



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शहर के पुलिस परेड ग्राउंड पर होने वाले जिला स्तरीय समारोह को लेकर प्रभारी कलेक्टर डॉ नागार्जुन गौड़ा ने अधिकारियों को समयबद्ध तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी कलेक्टर ने निर्देश दिए कि स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल 13 अगस्त को सुबह 9 बजे आयोजित की जाए। उन्होंने सभी विभागों से उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों के नाम 11 अगस्त तक जिला पंचायत कार्यालय भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय कार्यालयों में सुबह 8 बजे से पूर्व ध्वजारोहण किया जाए, जबकि कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण सुबह 8 बजे होगा। जिला स्तरीय समारोह में गणमान्य नागरिकों, अतिथियों, पत्रकारों, लोकतंत्र सेनानियों एवं अधिकारियों के लिए समुचित बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि स्वतंत्रता दिवस पर स्कूली विद्यार्थियों की प्रभात फेरी सुबह 7 बजे विभिन्न स्कूलों से पुलिस परेड ग्राउंड के लिए रवाना होगी।बैठक में अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा, अरविंद चौहान, केआर बडोले, पुनासा एसडीएम पंकज वर्मा, सहायक कलेक्टर शिल्पा चौहान सहित जिले के एसडीएम, जनपद पंचायतों के सीईओ, नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# हरफनमौला कलाकार किशोर कुमार को किया याद

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** भारतीय सिनेमा के महान पार्श्व गायक और हरफनमौला कलाकार किशोर कुमार की जयंती उत्साह और संगीत के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पूरा शहर किशोर दा के तरानों से गूंज उठा। देश-विदेश से आए हजारों प्रशंसकों ने समाधि स्थल और बॉम्बे बाजार स्थित पैतृक आवास पर पहुंचकर अपने चहेते फनकार को नमन किया और उन्हें संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित की।



कार्यक्रम में किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच और नगर पालिका निगम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सुरमई श्रद्धांजलि बॉलीवुड के मशहूर पार्श्व गायक विनोद राठौड़ शामिल हुए। समाधि पर मत्था टेकते हुए वे भावुक हो गए और कहा, किशोर दा जैसा गायक न कभी हुआ है और न होगा। अन्य गायक केवल गीत गाते हैं, लेकिन किशोर दा शब्दों को गाते थे। राठौड़ ने प्रण लिया कि वे भविष्य में 4 अगस्त को दुनिया में कहीं और नहीं, बल्कि सिर्फ खंडवा में ही रहेंगे। उन्होंने प्रार्थना की कि उनका अगला जन्म भी खंडवा में ही हो। उन्होंने यह भी मांग की कि किशोर कुमार भारत के नहीं बल्कि विश्व के कलाकार हैं, इसलिए उन्हें विश्वस्तरीय सर्वोच्च सम्मान मिलना चाहिए। इस दौरान उन्होंने गायिका चांदनी के साथ नायक नहीं खलनायक हूं गीत पर दादा के अंदाज में थिरकते हुए प्रस्तुति दी।



**अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने बिखेरा सुरों का जादू** -समाधि स्थल पर आयोजित कार्यक्रम का सबसे खास आकर्षण प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का संगीतमय अंदाज रहा, जिन्होंने माइक थामकर किशोर दा को स्वरांजलि दी। प्रभारी कलेक्टर नागार्जुन बी देवगौड़ा ने नीले नीले अम्बर पर और पुलिस अधीक्षक आगम जैन ने ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, विधायक कंचन मुकेश तनवे ने ज़िंदगी के सफ़र में गुज़र जाते हैं जो मुकाम, महापौर अमृता अमर यादव ने चलते चलते मेरे ये गीत याद रखना, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े ने मेरे नैना सावन भादो और निगम आयुक्त प्रियंका राजावत ने पल पल दिल के पास गाकर किशोर दा को याद किया। इसके अलावा सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर सिंह, एडिशनल एसपी महेंद्र तारणेकर, निगम अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा और एमआईसी सदस्यों ने भी दादा के गाए सदाबहार नगमे पेश कर समां बांध दिया।

**पैतृक आवास पर लगा दूध-जलेबी का भोग**-बॉम्बे बाजार स्थित पुश्तैनी मकान पर किशोर स्वरांजलि ग्रुप द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुंबई से पधारे पी. गणेश और प्रीति जोशी ने बंगाली, हिंदी व मराठी गानों की शानदार प्रस्तुति दी। सुबह 11 बजे किशोर दा के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी सबसे पसंदीदा डिश दूध-जलेबी का भोग लगाया गया। स्वरांजलि ग्रुप के संस्थापक आनंद जोशी, संजीव अत्रिवाल और पवन अत्रिवाल के नेतृत्व में स्थानीय कलाकारों ने भी अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया।

**राष्ट्रीय स्मारक बनाने की गूंजी मांग** -इस आयोजन में महाराष्ट्र, गुजरात, पश्चिम बंगाल, झारखंड, पुणे और मुंबई सहित देशभर से लायंस क्लब, रोटरी क्लब और विभिन्न संस्थाओं के किशोर प्रेमी पहुंचे थे। इस दौरान प्रशंसकों और स्थानीय लोगों ने एक सुर में शासन-प्रशासन से जर्जर हो रहे पैतृक आवास को जल्द से जल्द राष्ट्रीय स्मारक बनाने की पुरजोर मांग की, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनकी विरासत से जुड़ सकें। तीन दिवसीय गौरव दिवस के रूप में मनाए जा रहे इस आयोजन ने एक बार फिर साबित कर दिया कि किशोर दा आज भी अपने गीतों के जरिए पूरी दुनिया के दिलों में धड़कते हैं।

# बिना नपती खेतों में खंभे लगा रहा रेलवे

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** खंडवा-भुसावल रेलवे लाइन पर ग्राम टिघरिया में सेफ्टी पोल लगाने को लेकर रेलवे और किसानों के बीच विवाद गहरा गया है। किसानों का आरोप है कि रेलवे विभाग बिना किसी पूर्व सूचना और नोटिस के उनकी जमीन पर खंभे गाढ़ रहा है, जिससे फसलें कुचली जा रही हैं। मंगलवार को किसानों ने जनसुनवाई में पहुंचकर अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और राजस्व विभाग से जल्द सीमांकन कराने की मांग की है।

किसानों के अनुसार, नागबाबा से बड़ गांव गुर्जर रेलवे ब्रिज के बीच (खसरा नंबर 273 से 166 तक) रेलवे के फील्ड कर्मचारी बिना नपती के काम कर रहे हैं। जब किसानों ने अपनी



जमीन पर खंभे गाड़ने से फील्ड इंजीनियर को रोका, तो उन्हें पुलिस कार्रवाई की धमकी दी गई। इससे किसानों का रकबा भी कम हो रहा है।

**एडीआरएम ने तहसीलदार को लिखा पत्र** -इस मनमानी के विरोध में संयुक्त कृषक संगठन के जिला मंत्री जय पटेल और टिघरिया के किसानों ने रेलवे के एडीआरएम मीणा से मुलाकात की। किसानों ने उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराया कि रेलवे ठेकेदार द्वारा किसानों की निजी भूमि पर कब्जा किया जा रहा है। इसके बाद एडीआरएम ने सीमांकन कराने पर सहमति जताई और रेलवे की ओर से तहसीलदार को पत्र लिखा गया है।

**इन किसानों ने सौंपा ज्ञापन** - राजस्व विभाग द्वारा जल्द सीमांकन की प्रक्रिया शुरू कराने की मांग को लेकर जनसुनवाई में अपर कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया।

इस दौरान किसान देवीलाल पटेल, दिलीप पटेल, आयुष जोशी, जगदीश पाल, अशोक पाल, बिहारी पाल, महेंद्र पटेल और बंशीलाल पटेल सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे। किसानों का स्पष्ट कहना है कि राजस्व विभाग द्वारा सीमाएं निर्धारित होने के बाद ही रेलवे को आगे का कार्य करने दिया जाए।

## दो युवतियों को नाविक ने डूबने से बचाया

**ओंकारेश्वर।** तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में मंगलवार दोपहर करीब 3.50 बजे नर्मदा घाट पर एक बड़ा हादसा टल गया। मुंबई से भगवान ओंकारेश्वर के दर्शन करने आईं दो युवतियां, सृष्टि और सेजल (उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष), स्नान के दौरान केवल रामघाट पर नहाते समय गहरे हरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं। दोनों को पानी में संघर्ष करता देख मौके पर मौजूद नाविक मुकेश वर्मा ने बिना एक पल गंवाए नर्मदा में छलांग लगा दी। स्थानीय युवाओं के सहयोग से दोनों युवतियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घाटों पर श्रद्धालुओं को लगातार गहरे पानी में नहीं जाने की चेतावनी दी जाती है। एसडीईआरएफ की टीम और स्थानीय प्रशासन भी समय-समय पर सुरक्षा संबंधी निर्देश जारी करते हैं, लेकिन कई श्रद्धालु इन्हें नजरअंदाज कर गहराई तक चले जाते हैं, जिससे डूबने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।नाविक मुकेश वर्मा पहले भी कई श्रद्धालुओं की जान बचा चुके हैं। उनकी बहादुरी, तत्परता और मानवता की भावना को देखते हुए जिला प्रशासन उन्हें पूर्व में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर चुका है। मंगलवार को भी उन्होंने अपनी सूझबूझ और साहस का परिचय देते हुए दो युवतियों की जान बचाकर एक संभावित हादसे को टाल दिया। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं के बाद प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि घाटों पर लगे चेतावनी बोर्डों का पालन करें, सुरक्षा नियमों का उल्लंघन न करें और नर्मदा में निर्धारित सीमा से आगे न जाएं।

## गुरु शिष्य को आत्मज्ञान का मार्ग दिखाते हैं : साध्वी ऋतुम्भरा



नवभारत न्यूज

**ओंकारेश्वर।** समीपवर्ती ग्राम कोठी स्थित परमशक्ति पीठ ओंकारेश्वर में मंगलवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। पद्मभूषण से सम्मानित वात्सल्यमूर्ति साध्वी ऋतम्भरा जी के पावन सान्निध्य में आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

साध्वीजी ने गुरुदीक्षा प्रदान करते हुए कहा कि सच्चे गुरु का कार्य व्यक्ति को उसके वास्तविक आत्मस्वरूप का बोध कराना और अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाना है।कार्यक्रम का शुभारंभ संविद गुरुकुलम आवासीय कन्या विद्यालय की छात्राओं की गणेश वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। अपने उद्बोधन में साध्वी ऋतम्भरा जी ने कहा कि गुरु केवल जानकारी नहीं देते, बल्कि जीवन की दिशा और गुणवत्ता बदलने का सामर्थ्य रखते हैं। समारोह में साध्वी साक्षी चेतना जी, स्वामी सत्यशील जी, महामंडलेश्वर स्वामी सत्यश्रेय जी सहित अनेक संत, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन में सतीश इंगले, कान्हा पुरोहित, गजेंद्र बिरला, रिंकू गुप्ता, जगदीश खाटरिया, मुकेश वर्मा, जितेंद्र राठौर, लक्ष्मीनारायण पटेल एवं नरेंद्र यादव सहित अनेक कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

**नई कार्यकारिणी घोषित**- महोत्सव के दौरान परमशक्ति पीठ संचालन समिति की नई कार्यकारिणी की भी घोषणा की गई। इसमें युगपुरुष महामंडलेश्वर स्वामी परमानंद गिरि महाराज को मुख्य संरक्षक, साध्वी ऋतम्भरा को अध्यक्ष, साध्वी साक्षी चेतना को आश्रम संचालिका, पीडी अग्रवाल को कार्यकारी अध्यक्ष, विक्रम देसाई को सचिव तथा आनंद कानड़कर को सहसचिव मनोनीत किया गया।

## मंडी शुल्क वृद्धि के विरोध में कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** प्रदेश सरकार द्वारा कृषि उपज मंडी शुल्क को 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 1.5 प्रतिशत किए जाने के विरोध में मंगलवार को व्यापार एवं उद्योग कांग्रेस ने मंडी सचिव को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन पुरानी अनाज मंडी स्थित कार्यालय में दिया गया, जिसमें बढ़ी हुई 0.5 प्रतिशत दर को तत्काल वापस लेने की मांग की गई है।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि व्यापारियों का मानना है कि इस शुल्क वृद्धि से व्यापार की लागत में इजाफा होगा। इससे मध्य प्रदेश की मंडियों की पड़ोसी राज्यों की मंडियों के साथ प्रतिस्पर्धा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, जिसका परोक्ष असर किसानों और आम उपभोक्ताओं पर भी पड़ना तय है। व्यापार एवं उद्योग कांग्रेस के अध्यक्ष संदीप सोनी ने कहा कि व्यापारियों और उद्योग जगत की समस्याओं को शासन-प्रशासन के समक्ष मजबूती से रखना संगठन की प्राथमिकता है। उन्होंने इसे संगठन के पहले सामूहिक कार्यक्रम के रूप में एक सकारात्मक शुरुआत बताया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने नारा नहीं, देश का कल्चर-एग्रीकल्चर का नारा भी दिया।कार्यक्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी और नेता प्रतिपक्ष मुल्लू राठौर ने उपस्थित रहकर व्यापारियों की मांगों का समर्थन किया।

ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से राजेश जैन, विशाल जैन, गगन नागर, अश्विन जैन, धना जी जाधव, नशीर खान, राजेंद्र घीया, सुनील दिलावरे, वकील जी, सफीक सिद्दीकी, मयंक पाराशर, तुषार राज, शैलेंद्र वर्मा, नवनाथ महानूर, योगेश जांगिड़, राजकुमार जैन, राजेंद्र भैया, राम वर्मा, अरविंद वर्मा और अरविंद कसेरा सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

## अतिक्रमण से सिकुड़ी गुलाब बाबा गली, रहवासी परेशान



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** दादाजी वार्ड की गुलाब बाबा गली में लगातार बढ़ते अतिक्रमण से स्थानीय रहवासियों की परेशानी बढ़ गई है। रहवासियों का आरोप है कि जो सड़क कभी करीब 18 फीट चौड़ी थी, वह अब कई स्थानों पर महज 6 से 8 फीट रह गई है। नालियों पर स्थायी निर्माण और सड़क पर किए गए कब्जों के कारण आवागमन बाधित होने के साथ जल निकासी भी प्रभावित हो रही है।

लोगों के अनुसार नालियों पर पक्का अतिक्रमण होने से गंदा पानी सड़कों और कई घरों तक पहुंच रहा है। इससे मच्छर और कीड़े पनप रहे हैं, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। सावन माह में मंदिर जाने वाली महिलाओं, बच्चों और श्रद्धालुओं को भी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है।रहवासी संतोष कोषा ने बताया कि गली में कई लोगों ने सड़क पर टीनशेड, ओटले, वाहन, निर्माण सामग्री और अन्य सामान रखकर रास्ता संकरा कर दिया है। इसके कारण दो मोटरसाइकिलों का एक साथ निकलना भी मुश्किल हो गया है। उनका कहना है कि हाल ही में एक बीमार व्यक्ति को अस्पताल ले जाने के दौरान ऑटो को गली से निकालने में काफी कठिनाई हुई।

एक नजर में

**ओंकारेश्वर के फ्लोटिंग सोलर प्लांट का एनएचडीसी के प्रबंध निदेशक ओमप्रकाश ने किया निरीक्षण**

# सोलर प्लांट हरित ऊर्जा क्षेत्र की महत्वपूर्ण उपलब्धि

नवभारत न्यूज

**ओंकारेश्वर।** ओंकारेश्वर जलाशय पर स्थापित 88 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट का निरीक्षण एनएचडीसी लिमिटेड के अध्यक्ष भूपेन्द्र गुप्ता एवं प्रबंध निदेशक ओमप्रकाश ने किया। उन्होंने परियोजना की तकनीकी विशेषताओं, उत्पादन क्षमता, संचालन व्यवस्था एवं सुरक्षा मानकों की जानकारी लेते हुए इसे देश के हरित ऊर्जा क्षेत्र की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

अध्यक्ष भूपेन्द्र गुप्ता ने कहा कि जलाशय की सतह पर स्थापित यह विशाल फ्लोटिंग सोलर परियोजना तकनीकी उत्कृष्टता, दूरदर्शी योजना और कुशल क्रियान्वयन का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि ऐसी परियोजनाएं स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के राष्ट्रीय लक्ष्यों को भी मजबूती प्रदान कर रही हैं। उन्होंने परियोजना प्रमुख डीके द्विवेदी एवं पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि इस चुनौतीपूर्ण परियोजना का सफल संचालन अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यनिष्ठा, तकनीकी दक्षता तथा टीम भावना का परिणाम है।



उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद करते हुए सुरक्षा, गुणवत्ता, दक्षता और नवाचार को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उनका कहना था कि ऊर्जा क्षेत्र में तेजी से हो रहे बदलावों के बीच आधुनिक तकनीकों को अपनाना और निरंतर सीखना सफलता की कुंजी है। प्रबंध निदेशक ओमप्रकाश ने कहा कि यह फ्लोटिंग सोलर प्लांट एनएचडीसी की तकनीकी क्षमता और उत्कृष्ट कार्यसंस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास जताया कि परियोजना भविष्य में हरित ऊर्जा उत्पादन के नए मानदंड स्थापित करेगी।निरीक्षण के दौरान परियोजना प्रमुख डी.के. द्विवेदी, एनएचपीसी के महाप्रबंधक (विद्युत) विनोद शर्मा, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) पी. सत्यमूर्ति, महाप्रबंधक (ओ एंड एम) विनोद कुमार सिंह, महाप्रबंधक (सिविल) संजय कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।